मेगा ऑयल-पाम प्लांटेशन ड्राइव 2024

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम (National Mission on Edible Oil-Oil Palm- NMEO- OP) के तहत मेगा ऑयल पाम प्लांटेशन ड्राइव 2024 का आयोजन किया गया। इसके तहत भारत के **15 राज्यों में 17 लाख से ज़्यादा ऑयल पाम पौधे** लगाए गए, जिससे 10,000 से ज़्यादा किसान लाभान्वित हुए।

- इसका **आयोजन राज्य सरकारों द्वारा अग्रणी तेल पाम प्रसंस्करण कंपनियों के सहयोग से किया** जाता है।
- इस पहल के तहत अनेक जागरूकता कार्यशालाएँ, **वृक्षारोपण अभियान और प्रचार कार्यक्रम आयोजित किये गए,** जिनसे जागरूकता बढ़ाने तथा कृषक समुदाय को शामिल करने में सफलता मिली।
- **राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन – ऑयल पाम (NMEO-OP)**
  - इसे **भारत सरकार द्वारा अगस्त 2021 में लॉन्च किया** गया था।
  - इसका उद्देश्य व्यवहार्यता मूल्य समर्थन सहित ऑयल पाम क्षेत्र के विकास के लिये मूल्य शृंखला पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके ऑयल पाम की खेती का विस्तार करना और **कच्चे पाम ऑयल (Crude Palm Oil- CPO)** के उत्पादन को बढ़ावा देना है।
  - **भारत विश्व स्तर पर खाद्य तेल का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है** और इसका सबसे बड़ा आयातक है।
    - **आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, मिज़ोरम भारत** में सबसे बड़े तेल पाम उत्पादक राज्य हैं।
  - भारत ने **वर्ष 2022-23 में 16.5 मिलियन मीट्रिक टन (MT) खाद्य तेल** का आयात किया।
    - **इंडोनेशिया और मलेशिया** प्रमुख वैश्विक पाम तेल उत्पादक हैं इसके बाद **थाईलैंड, कोलंबिया तथा नाइजीरिया** का स्थान आता है।

अधिक पढ़ें: पाम-ऑयल उत्पादन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mega-oil-palm-plantation-drive-2024